तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

12 बुधवारी बाजार के व्यवस्थापन की पहल, अधिकारियों व नेताओं ने ...



10 स्मार्ट मीटर शुरुआती परीक्षण में पास, दस ...





## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.

### खबर संक्षेप



### ठेकवाडीह में 34 लोगों की सिकलिंग जांच की गई

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 40 वर्ष के 34 व्यक्तियों की सिकलिंग जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बीएल साहू ने लोगों को दस्त पखवाड़ा एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत परिवार नियोजन के अस्थाई साधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान जनसंख्या की बढ़ती विकास दर एवं सीमित होते संसाधनों और आगामी जीवन की भयावहता की चर्चा की गई एवं उसे रोकने का एकमात्र उपाय जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए समेकित प्रयास किये जाने की बात कही गई। इस अवसर पर डॉक्टर भुवन साहू, मितानिन भोज साहू, कमलेश साहू, पद्मनी साहू, गणेश्वरी साहू, घर्मेश्वरी साहू का सहयोग रहा।

### मासूम की मौत से पसरा मातम

**बालोद/कलंगपुर।** रनचिराई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुण्डा में रविवार की शाम तालाब में दोस्तों के साथ नहाते समय कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले 8 साल के छात्र की अचानक मौत से गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 8 वर्षीय मनन कुमार ठाकुर पिता मुकेश ठाकुर रविवार को दोपहर में दुर्ग से अपने गांव फुण्डा में दादी से मिलने माता पिता के साथ आया था। मनन कुमार शाम 5 बजे गांव के हमजोली दोस्तों के साथ तालाब में नहाने चला गया। नहाते समय तालाब में डूब जाने से उनकी मौत हो गई। बहुत देर तक जब बच्चा घर नहीं लौटा तो माता पिता बच्चे को ढूंढ़ने निकले, तब तालाब किनारे अपने बच्चे के कपड़े को देखते ही घटना की आशंका हुई और गांव के लोगों ने बच्चे को तालाब के भीतर पानी में तलाशना शुरू किया। थोड़ी देर में बच्चे को तालाब से बाहर निकाला गया और गुण्डरदेही अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाल लिए 75 हजार

**बालोद।** एटीएम मशीन से पैसे निकालने का तरीका बताने की बात कहकर एक युवक के एटीएम कार्ड को अज्ञात व्यक्ति लेकर भाग गया। इस तरह युवक के साथ 75 हजार रुपए की धोखाधड़ी हो गई। दरअसल पूरा मामला डौंडीलोहारा नगर का है जहां ग्राम धनगांव निवासी नेमीचंद साहू पिता दानी लाल साहू 6 जुलाई को सुबह करीब 11.30 बजे अपनी माँ चित्ररेखा बाई के एटीएम कार्ड से बैलेंस चेक करने डौण्डी लोहारा आया था। एटीएम के कमरा के अंदर पहुंचने के बाद अपने एटीएम से पैसा चेक कर रहा था। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति साइड में खड़ा था, जिसने मुझझे कहा कि ऐसे रकम नहीं निकालते हैं, नहीं तो तुम्हारी पूरा रकम निकल जाएगी। ऐसा कहकर उसने एटीएम कार्ड को मांग लिया। उसके बाद एटीएम कार्ड को बदल कर अपने पास रखे एटीएम कार्ड को नेमीचंद को देकर चला गया। युवक ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम कार्ड कब बदला, मुझे पता ही नहीं चला। बाद में मोबाइल नंबर में पैसा दूसरे व्यक्ति के द्वारा निकालने का मैसेज आने पर पता चला जो शेष पेज 10 पर

**विरोध**

**कांग्रेस ने जिलेभर में जगह-जगह किया विरोध प्रदर्शन, बढ़ी हुई दर वापस लेने की मांग की**

# बिजली की दर बढ़ाकर सरकार ने जनता के साथ किया अन्याय : विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद





छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बालोद के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन बालोद शहर के जय स्तंभ चौक में आयोजित किया। कार्यक्रम के अंत में तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

- एडीएम की उपस्थिति में दो घंटे तक चली त्रिपक्षीय वार्ता

कार्यक्रम में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सर प्लस बिजली होने के बाद भी राज्य में अघोषित विद्युत कटौती किया जा रहा है, भाजपा की 6 महीने की सरकार में आम जनता त्रस्त हो गई है, संजारी बालोद के लिए जो पूर्ववर्ती सरकार ने राशि जारी की थी, उसे निरस्त करने का काम बीजेपी की सरकार ने किया है, जिसका हम विरोध करते हैं। सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि कर गरीब जनता के साथ अन्याय किया है। सरकार अविलंब बढ़ी हुई बिजली दरों को कम करे।

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी गिरीश चंद्राकर ने कहा कि बिजली कटौती से किसान परेशान हैं, खेती किसानी के काम में बिजली बंद होने के कारण काफी दिक्कत हो रही है, रोपाई का कार्य बहुत भी पीछे गया है। बालोद जिले के सेवा सहकारी समितियां में खाद की कमी के कारण भी किसान परेशान है।

नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से बालोद के लिए स्वीकृत राशि को रोकने का काम किया गया, जो बालोद के साथ अन्याय है, बालोद में बेतहाशा विद्युत कटौती की जा रही है। कार्यक्रम को कृष्णा दुबे, रामजी भाई पटेल, शारदा सिन्हा, पद्मिनी साहू, अमृता नेताम, राकेश ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अंचल प्रकाश साहू तथा आभार प्रदर्शन अनिल यादव ने किया। कार्यक्रम में रोहित सागर, गोपी हिरवानी, भूषण लाल श्रीवास्तव, उदय राम आरेंद्र, जमील बख्श, देवेंद्र साहू, शंभू साहू, बालक दास मानिकपुरी, धर्मेंद्र रामटेके, उकेश कुमार मरकाम, देव कुमार पटेल, गिरधर लाल चंद्राकर, मोहनीश पारकर, राजेंद्र सोकुटिया, विनोद बंटी शर्मा, संतोष चौधरी, हेमंत कुमार यादव, द्रोणाचार्य साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दोगुने आ रहे बिजली बिल : संतुराम

**बालोद/अर्जुंदा।** कारगिल चौक अर्जुंदा में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा ने राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

- अर्जुंदा में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने दिया धरना

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा के अध्यक्ष संतु राम पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेश भर में अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता और किसान परेशान है। सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन हकीकत में बिजली बिल दोगुने आ रहे हैं। गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना के माध्यम से प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि कर उपभोक्ताओं को कांग्रेस सरकार में दी गई राहत से वंचित कर दिया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा चंद्रहास देवांगन, उपाध्यक्ष सुषमा चंद्राकर, राजाराम चंद्राकर, रेवाराम सिन्हा, हरिशंकर साहू, संतोषी सिन्हा,उषा साहू, ललिता भुआर्य, हलधर गजेंद्र, कंचन वासनिक, कुलेश्वर देशमुख, योगेश साहू, विजयपाल बेलचंदन, सागर साहू, ललित जोशी, भेषज साहू, विनोद साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिजली कटौती और दर में बढ़ोतरी लोग परेशान : साहू



**गुण्डरदेही।** सोमवार को धमतरी चौक गुण्डरदेही में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

- ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही ने धमतरी चौक में किया प्रदर्शन

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेश भर में अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान परेशान हैं सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है लेकिन हकीकत में बिजली बिल दोगुने आ रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है, इस दशा में बिजली की दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना के माध्यम शेष पेज 10 पर

### सरकार तत्काल वापस ले बिजली की बढ़ी हुई दरें, कटौती कम करें : तामेश्वर



**गुरूर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने मांग की कि लगातार बिजली कटौती और महंगा बिजली बिल तत्काल बंद होना चाहिए, नहीं तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। सभा को संबोधित करने के बाद कांग्रेस ने तहसीलदार गुरूर को मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लाक कांग्रेस के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय चन्द्राकर ने कहा छः महीने की सरकार में ही छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार को याद करने लगी है। आज आम जनता बिजली की समस्या हो या महंगाई विष्णुदेव सरकार से त्रस्त है।

- ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सभा में पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने कहा कि मोदी की गारंटी देने वाली सरकार की नीति नियम राज्य में दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ जैसा सरप्लस राज्य में बिजली कटौती शेष पेज 10 पर

### बिजली की समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**अंडा।** ग्राम अंडा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। उपस्थित कांग्रेसियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। वहीं, बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता एवं किसान परेशान हैं। इस दौरान राज्य की भाजपा सरकार से बढ़ाए गए विद्युत दर को वापस लेने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की गई। इस संबंध में राज्यपाल के नाम से थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर, मोहन हरमुख उपाध्यक्ष प्रदेश किसान कांग्रेस, रिवेंद्र यादव अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ जिला दुर्ग, प्रशन्न टांक, बाबू लाल देशमुख, धर्मेंद्र बंजारे, शिवनारायण दिल्लीवार, प्रवीण चंद्राकर, दिवाकर गायकवाड, पुकेश चंद्राकर, चुन्नी लाल चंद्राकर, जगदीश दीपक साहू, तुलसी देशमुख, दिग्विजय सिन्हा शेष पेज 10 पर

**राजहरा पुलिस और राजस्व विभाग ने की कार्रवाई**

# नियम विरूद्ध चल रहे आयरन ओर से भरे भारी वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

**खास बातें**

- कई वाहनों का टैक्स, फिटनेस सहित कागजात नहीं
- बिना नंबर प्लेट के भी चलाए जा रहे थे भारी वाहन



**आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई :** नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने कहा कि लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि बीएसपी सहित अन्य खदानों से आयरन ओर भरकर जाने वाली हाईवे गाड़ियों में फिटनेस और अन्य दस्तावेज कंप्लीट नहीं रहते हैं। दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिकायतों को देखते हुए आकस्मिक छापामार कार्रवाई की गई। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

दुर्घटना जन्य जिला मुक्त दिशा बनाने की पहल प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी में अनुविभागीय दंडाधिकारी आर के सोनकर और पुलिस विभाग से सीएसपी चित्रा वर्मा, थाना प्रभारी सुनील तिर्की सहित दोनों विभागों ने मिलकर आयरन ओर से भरी हाईवा गाड़ियां जिनका फिटनेस गाड़ियों का टैक्स और कई वाहनों में नंबर नहीं था, इन गाड़ियों पर कार्रवाई कर चालान किया गया। इसके साथ ही सभी वाहन मालिकों से अपील की कि गाड़ियों के दस्तावेज कंप्लीट रखें शराब सेवन कर वाहन ना चलाएं।

दल्लीराजहरा पुलिस ने आकस्मिक जांच पड़ताल की। इस दौरान ड्राइवरों के शराब सेवन जांच यंत्र से जांच पड़ताल की गई। इस प्रकार की आकस्मिक कार्रवाई से वाहन मालिकों के बीच हड़कंप मच गया। दल्लीराजहरा शहर में संकेत दे दिया गया कि इस तरह की कार्रवाई अब महीने में चार बार, कभी भी, किसी भी दिन, किसी भी स्थान पर किया जा सकता है।

गौरतलब है कि बीएसपी के लौह अयस्क खदानों से आयरन ओर भरकर आ रही वाहनों पर रविवार को प्रशासन व राजहरा पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। भाजपा नेता सौरभ लुनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के बीएसपी खदानों से ओवरलोड परिवहन की शिकायत की गई थी। नगर में लगातार घट रही दुर्घटनाओं को देखते हुए आम जनता द्वारा भी वाहन चालकों के तेज रफ्तार से भारी वाहन चलाना, शराब के नशे में वाहन चलाने एवं आयरन ओर वाहनों को तिरपाल से नही ढ़कने की शिकायत भी लगातार होती रही है।

जिसे देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर.के. सोनकर,नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा ,राजहरा थाना प्रभारी सुनील टिर्की एवं आरआई की संयुक्त टीम के गोटूलमुंडा बैरियर के पास महामाया एवं ढुलकी माइंस से बीएसपी के खदानों से आयरन ओर भरकर राजहरा बंकर जाने वाली गाड़ियों की जांच शुरू कर दी।जिसमे कई वाहनों में नंबर प्लेट ना लगा होना, गाड़ियों का टेक्स,फिटनेस एवं अन्य कागजात ना होने पर 9 गाड़ियों को थाना भेज दिया गया, इस तरह की कार्यवाही को लेकर नगर में भूरी- भूरी प्रशंसा किया जा रहा है,राजस्व और पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में हर्ष का माहौल देखने को मिला है।

### बघमरा स्कूल में लगाए गए पौधे



**गुण्डरदेही।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बघमरा शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में गुण्डरदेही नगर के पार्षद व मंडल उपाध्यक्ष हरीश निषाद ने फलदार व छायादार पौधा लगाया।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ शिक्षक देवांगन को दी विदाई

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में अपनी लंबी सेवाएं देने के बाद वरिष्ठ व्याख्याता गजानन देवांगन सेवानिवृत्त हो गए। उनका विदाई समारोह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने स्कूल परिसर में रविवार को रखा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नितिन कुमार तलोकर ने अपने संबोधन में कहा कि देवांगन सर के अनुशासन और अध्ययन की कार्यशैली को यह विद्यालय हमेशा याद रखेगा। सभी शिक्षकों ने अपनी तरफ से खूबसूरत उपहार देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यों का अनुसरण इस विद्यालय के सभी शिक्षक करेंगे, यह शपथ भी ली गई। इस अवसर पर सुषमा कोसरिया, वंदना साहू, यू. देवांगन, कामना उपाध्याय, योगिता नरवरे, दिनेश साहू, श्वेता भदौरिया, नारायण लाल साहू, दिव्या शर्मा और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### एफ-95 फिजियोथेरेपी टीम ने लगाया निशुल्क शिविर

**रायपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने हाल ही में रायपुर में एंबिएंस सोसाइटी में एक मुफ्त फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में निवासियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें समाज के दो-तिहाई से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख फिजियोथेरेपिस्टों में से एक डॉ. संस्कृति मिश्रा ने कहा, एफ-95 के विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्टों की टीम, जो अपने व्यापक अनुभव और उच्च तकनीक वाले उपकरणों के उपयोग के लिए जानी जाती है, ने मांसपेशियों की ताकत, संतुलन और मुद्रा का गहन मूल्यांकन किया। निवासियों को व्यायाम, सही मुद्रा, हाइड्रेशन, पोषण और आवश्यक जीवनशैली में संशोधन पर व्यक्तिगत सलाह प्रदान की गई थी। एफ-95 के मुख्य संचालन अधिकारी डॉ. सौमित्र ने कहा, हम इसी तरह के शिविरों की मेजबानी करने के लिए अन्य समाजों और संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

### शहीद पुलिस सेल का जल्द होगा गठनः डिप्टी सीएम

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता से निर्णय लेते हुए शहीद पुलिस सेल के गठन के निर्देश दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन अपनी समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा से मिले थे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था, तब विजय शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनकी समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। श्री शर्मा ने बताया, प्रत्येक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में शहीद पुलिस सेल का गठन किया जा रहा है। इस सेल का मुख्य उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों की समस्याओं का निराकरण करना है।

### किसान संघर्ष समिति की बैठक सीएम से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**रायपुर।** पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को हुई। इस दौरान उच्च न्यायालय के आदेश पर जलाशय पर आए पुनः संकट के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में 115 वर्ष पुराने, सिंचाई और निस्तार के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाले जलाशय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा और पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने किसानों के हितों को देखते हुए जलाशय के कैचमेंट में खनन परियोजना को रोका है। इस बार भी सरकार व्यापक किसानहित में निर्णय लेगी।

# मध्यप्रदेश के बाद अब जल्द छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार को हो रहा है। इसी के साथ अब छत्तीसगढ़ में भी साय मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बार फिर से रविवार को कहा है, मप्र में विस्तार हो रहा है, यहां भी जल्द होगा। इससे स्पष्ट है कि 22 जुलाई को मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले ही साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बनाए गए और उसके मंत्रिमंडल में एक पद को छोड़कर बाकी मंत्री बने। इस बीच लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल बन गए। सांसद बनने के बाद उन्होंने प्रदेश के मंत्री और विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया है। ऐसे में अब साय मंत्रिमंडल में मंत्रियों के दो पद खाली हो गए हैं। इन खाली पदों पर नियुक्ति को लेकर काफी समय से कवायद और चर्चा चल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय दो बार दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। उनके पहले दौरे में जहां मंत्रियों के नामों को लेकर चर्चा रही कि वे दिल्ली में राष्ट्रीय संगठन के नेताओं से मुलाकात करके मंत्रियों के नाम तय करेंगे, लेकिन इस दौरे में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हुई। इसके बाद फिर से उनका दिल्ली दौरा हुआ तो यह तय माना जा रहा था कि अब तो मंत्रियों के नाम तय हो जाएंगे, लेकिन इस दौरे के मायने अलग थे। हरिभूमि ने ही इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया कि अभी मंत्रिमंडल के विस्तार पर दिल्ली में चर्चा नहीं होगी और श्री साय का यह दौरा प्रदेश के भाजपा सांसदों के साथ संसदीय बोर्ड की बैठक के लिए है। श्री साय ने दिल्ली से वापस लौटने पर यह बात स्वीकार भी की कि यह दौरा भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के लिए था।

## मानसून सत्र से पहले साय सरकार में बनेंगे दो नए मंत्री



### अब विस्तार के लिए ज्यादा इंतजार नहीं

साय मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अब ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मप्र में डॉ. मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार सोमवार को हो रहा है। इस विस्तार के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी साय मंत्रिमंडल के विस्तार की कवायद तेज हो गई है। संभावना है कि मानसून सत्र के पहले कभी भी साय मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। मंत्रियों के दो पदों के लिए थोक में कई दावेदार हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व ही तय करेगा कि किनको मंत्री बनाना है।

## पॉवर कंपनी के प्रारंभिक परीक्षण में स्मार्ट मीटरों के सही होने के दावा

# स्मार्ट मीटर शुरुआती परीक्षण में पास, दस के आंकड़े मिले, दर्ज हुआ मामूली अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी स्मार्ट मीटर लगा रही है। उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ नए मीटर लगाने हैं। राजधानी रायपुर में पुराने के साथ कई उपभोक्ताओं के यहां ऐसा किया गया है। पॉवर कंपनी ने इसके बाद पुराने और नए मीटरों का परीक्षण कराने का काम 4 जुलाई को किया है। इसमें दो दिनों से लेकर 25 दिनों तक की खपत को देखा गया है। ऐसे में एक सप्ताह से 15 दिनों के अंदर के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उसमें नए मीटरों में खपत आधे से एक यूनिट तक कम दर्ज की गई है। कुछ उपभोक्ताओं की खपत में मामूली बढ़त भी है, लेकिन यह बढ़त आधे यूनिट से कम है। पॉवर कंपनी का दावा है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से फिट हैं। हालांकि यह प्रारंभिक परीक्षण ही है। आने वाले समय में जब उपभोक्ताओं के बिल आएंगे तो जानकारी सामने आएगी कि उनका बिल पहले से कम है या ज्यादा आ रहा है।

राजधानी रायपुर के डीडीनगर, सिविल लाइंस, कचना सहित कई क्षेत्रों स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। यह काम अभी तो धीमी गति से चल रहा है, पर आने वाले समय में इसकी रफ्तार बढ़ेगी। पॉवर कंपनी ने जिन उपभोक्ताओं के घरों पर पुराने के साथ नए मीटर भी लगाए हैं, उनमें से 10 उपभोक्ताओं का डाटा हरिभूमि को उपलब्ध कराया है। इस डाटा के मुताबिक स्मार्ट मीटर ठीक काम कर रहे हैं।





### डीडीनगर में मीटरों का परीक्षण

डीडीनगर में सत्तार मोहम्मद के घर पर 14 जून को लगे मीटर में 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 104.50 और नए मीटर में 104.53 यूनिट बिजली की खपत दर्ज हुई है। डीडीनगर के अन्य उपभोक्ताओं में राजेंद्र चौधरी के यहां 12 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 356.90 और नए मीटर में 356.26 यूनिट की खपत दर्ज हुई है। इसी तरह से ओमप्रकाश चंद्राकर के यहां 18 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 104.70 और नए मीटर में 103.59 यूनिट, त्रिलोक पांडेय के यहां 22 जून से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 56.30 और नए मीटर में 56.29 खपत दर्ज की गई है।

### परीक्षण में खरे उतरे स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर का देश के सबसे बड़े लैब भोपाल में परीक्षण कराया गया है। उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ जो नए मीटर लगाए गए हैं, उसका भी परीक्षण कराया गया है। इसमें मीटर खरे उतर रहे हैं।

*- राजेंद्र प्रसाद, सीई, स्मार्ट मीटर योजना, पॉवर कंपनी*

### सिविल लाइंस में परीक्षण का परिणाम

सिविल लाइंस निवासी धनीराम के घर पर 27 जून को पुराने के साथ नया मीटर लगाया गया है। इनके यहां 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 40.20 यूनिट की खपत हुई, जबकि नए मीटर में खपत 40.29 यूनिट दर्ज की गई है। इसी तरह से सिविल लाइंस के उपभोक्ता हेम सिंह साहू के यहां 2 जुलाई को मीटर लगाया गया। यहां पर दो दिनों में पुराने में मीटर में 21 यूनिट और नए मीटर में 20.68 यूनिट की खपत हुई। इसी तरह से इस क्षेत्र में दिनेश कुमार गुप्ता के यहां 25 जून को लगे मीटर में 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 44.70 और नए मीटर में 44.57 यूनिट की खपत दर्ज हुई है। एक और उपभोक्ता श्मामा बाई मसीह के घर पर 29 जून से 4 जुलाई के बीच में पुराने मीटर में 146.31 और नए मीटर में 146.30 यूनिट की खपत दर्ज की गई है। कचना में पीयूष कुमार साहू के निवास में 1 जुलाई से 4 जुलाई तक पुराने मीटर में 21.00 और नए मीटर में 20.63 यूनिट खपत दर्ज की गई है।

## मराठा युवा समाज ने रोपे औषधीय पौधे



**रायपुर।** मराठा युवा समाज द्वारा कबीर नगर पुलिस थाना प्रांगण में रविवार को औषधीय पौधों का रोपण किया गया। साथ ही समाज के सदस्यों ने उनकी रक्षा करने का प्रण लिया। इसमें मराठा युवा समाज, महाराष्ट्र मंडल, कबीर नगर थाने के पुलिसकर्मी, कबीर नगर के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर मराठा युवा समाज अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि युवा समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक वर्ष में 351 औषधीय पौधे लगाने का प्रण किया है, जिसके तहत हम पर्यावरण की खुशहाली के लिए पौधे भी लगाएंगे और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यक्रम में मराठा युवा समाज के महासचिव मनीष भोंसले, गणेशा जाधव, सचिव संजू राव, रविकांत शिंदे, अभय भागवतकर, प्रमुख वैभव बर्वे, महिला प्रमुख अनघा करकशे, लक्ष्मीकांत चौधरी, दिनकर करकशे, अखिलेश जोशी, पल्लवी जोशी, एस. किशोर कुमार, आदित्य परहाड, डॉ. मनमोहन सिंह, रविंद्र सिंह, प्रदीप शुक्ला, कृष्णकांत पांडे, सिरमौर साहू, शशांक मिश्रा, गौरांग पाण्डेय, राम और अन्य नागरिक तथा कबीर नगर थाने के पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

### अवैध संबंध के आरोप में हत्या की कोशिश, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने दो बदमाशों को हत्या की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विवाद की वजह एक आरोपी द्वारा पीड़ित के साथ उसकी पत्नी के साथ संबध होना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक कौशिक राणा की हत्या की कोशिश करने के आरोप में बलौदाबाजार निवासी हिरावन साहू तथा पारथ उर्फ राजू साहू को गिरफ्तार किया है। कौशिक ने पुलिस को बताया है कि वह अपने एक अन्य साथी तथा आरोपी साइट पर काम कर रहे थे। इसी दौरान हिरावन ने कौशिक को अपनी पत्नी के साथ संबंध होने का आरोप लगाते हुए अपने दूसरे साथी के साथ मिलकर कौशिक के पेट पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया।

## एम्स की डॉ. उज्जवला अमेरिका में पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मिला सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सारांश पुरस्कार

चिकित्सा संस्थानों में फैलने वाले कैंडीडा ओरिस नामक फंगस की रोकथाम के लिए अमेरिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में एम्स की चिकित्सक द्वारा प्रस्तुत पत्र को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सारांश का पुरस्कार मिला है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. उज्जवला गायकवाड़ को अमेरिका के टेक्सास में आयोजित एसोसिएशन फॉर प्रोफेशनल्स इन इंफेक्शन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (एपिक-24) एनुअल कांफ्रेंस एंड एक्सपोजिशन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका की 40 वर्ष पुरानी यह संस्था दुनियाभर के माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की दिशा में कार्य करती है। 'कैंडीडा ओरिस' एक प्रकार का फंगस होता है, जिसे डब्ल्यूएचओ द्वारा दुनिया के लिए चुनौतीपूर्ण बताया गया है। इसके दुष्प्रभावों और संक्रमण को रोकने के लिए चिकित्सक एवं शोधार्थी प्रयासरत हैं। प्रो. गायकवाड़ एम्स में संक्रमण नियंत्रण अधिकारी भी हैं। इस कांफ्रेंस में दुनियाभर के 30 देशों के 4000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सारांश का पुरस्कार अध्यक्ष केरोल एम. मेक्ले की ओर से प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल और अन्य चिकित्सकों ने बधाई दी है।



## जीएम ने अभनपुर- सीबीडी स्टेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं व पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने दिए निर्देश

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनू इटियेरा ने रविवार को रायपुर रेलमंडल के अभनपुर, सीबीडी, मंदिर हसौद स्टेशन का निरीक्षण किया। केंद्री से अभनपुर नैरो गैज से ब्रॉड गेज अमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने पर भविष्य में रेल परिचालन किया जाएगा। महाप्रबंधक ने इस परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया व कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कार्यों के ले-आउट प्लान का अवलोकन भी किया, साथ ही संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं एवं पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेलमंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।



### पूरे सेक्शन के कार्यों की ली जानकारी

अभनपुर स्टेशन पर नवनिर्मित स्टेशन बिल्डिंग में उन्होने यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं, ट्रेन परिचालन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। अभनपुर स्टेशन पर बने गुड्स शेड, आवागमन के लिए एप्रोच रोड, सीबीडी स्टेशन की बिल्डिंग का निरीक्षण व अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंदिर हसौद स्टेशन पर हो रहे विकासात्मक कार्यों, यात्री सुविधाओं के लिए फुट ओवरब्रिज, टिकट काउंटर का निरीक्षण किया। अभनपुर से रायपुर के मध्य पूरे सेक्शन का गहनता से निरीक्षण किया। सभी अमृत भारत स्टेशनों और अन्य स्टेशनों पर दिव्यांगजनों एवं ग्राहकों का विशेष ध्यान रखते हुए उनके अनुकूल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### बिजली कटौती ...

से प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दिया गया था, जिससे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपये की बचत हुई है, पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है, कोई ऐसा दिन नही होता जब बिजली दो–चार घंटे के लिए बंद ना हो, रात्रि में तो बिजली की स्थिति और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली बंद रहती है, विधायक निषाद ने धान का उठाव नही होने के कारण धान शार्टेज का मुद्दा भी उठाया साथ ही उन्होने स्थानीय प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि तत्काल अवैध रेत उत्खनन बंद करें नहीं तो कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। अंत में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, डॉ नारायण साहू, प्रकाश नाहटा, नीलकंठ टंडन, केके राजू चंद्राकर, नुरुल्ला खान, संजय बारले, गौकरण सोनकर, तरुण पारकर, सुनील चंद्राकर, तामेश्वर देशमुख, सरपंच संघ अध्यक्ष डोमन देशमुख, सलीम खान, मानसिंह देशलहरा, तरुण साहू, पार्षद विजय कोरे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता चंद्राकर, अमृतानंद सिन्हा, अनुभव शर्मा, रिजवान तिगाला, फैज बख्स, सागर साहू, अभिषेक यादव, पवन सिन्हा, डॉ मानसिंह सार्वा, निजानंद चंद्राकर, शिवकुमार साहू, दिनेश साहू, प्रीतम ठाकुर, रूपचंद जैन, डुपेंद्र साहू, शेखर साहू, मनीष सेन, लोमन निषाद सहित बड़ी सख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरकार तत्काल ...

सीधा सीधा बिजली की चोरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के हक की बिजली दूसरे राज्य को बेच रही है। वहीं, हमारी बिजली होते हुए भी हमें अंधेरे में रहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान परेशान हैं, छात्र परेशान हैं, डीएपी के लिए पांच साल कभी किसान को समस्या नहीं हुई, पर बीजेपी की सरकार बनते ही किसानों को डीएपी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि अभी हम लोग शांतिपूर्वक धरना कर सरकार को जगा रहे हैं, अगर नहीं मानी, तो सड़क से लेकर विधानसभा तक उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन को जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, संजय चौधरी, दीनाराम चेलक, खिलेश्वर केहरी, ओंकार महमल्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी शादिक अली ने किया। धरना प्रदर्शन में नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष महिमा साहू, पार्षद गजेन्द्र मंडावी, जितेन्द्र ओझा, जीतेन्द्र यादव, संयुक्त महामंत्री सुमीत राजा राजपुत, ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश ठाकुर, अभिशेक साहू, टोमन साहू, चोवाराम साहू, वर्षा साहू, रुपराम साहू, सरपंच खेमन उईके, शिवकुमार सिन्हा, विवेकानंद साहू, ठाकुर राम पटेल, केशु साहू, आलोक पटेल, उमर अली, भगवान सिंह मुलचुरिया, बाहरुराम, गिरधारी देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिजली की समस्या ...

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर एवं महामंत्री टिकेश्वरी लाल देशमुख सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन टिकेश्वरी लाल देशमुख ने किया।

### एटीएम कार्ड ...

मां का खाता से अलग–अलग 6 बार रकम निकाली गई। कुल रकम 75009 रुपए को अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल लिया है। डौंडीलोहारा पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे

# प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 10 जुलाई को कार्यसमिति में तय होगा, चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी

लोकसभा चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से बदलाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जून को समाप्त हो गया है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा।



इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। 10 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश संगठन के चुनाव को लेकर फैसला होगा।

इसमें तय होगा कि किस स्तर के चुनाव कब से प्रारंभ होंगे। बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया। इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी, लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होने हैं चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। संभावना है कि मंडलों के साथ जिलाध्यक्षों में बड़े बदलाव होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ही रहेंगे या फिर किसी और को बनाया जाएगा, यह भी देखने वाली बात होगी। अगर किरण देव को साय मंत्रिमंडल में स्थान मिल गया तो फिर प्रदेशाध्यक्ष का बदला जाना तय है। पूरी प्रक्रिया का प्रारंभ कब से होगा, इसका फैसला प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में 10 जुलाई को होगा। इस बैठक में पहली बार मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया है। पहली बार बड़ी कार्यसमिति हो रही है। इसमें प्रदेश संगठन के चुनाव के साथ ही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर भी मंथन होगा।

# सड़कों पर गड्ढे, गड्ढों में पानी, राहगीरों की बढ़ गई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में बारिश का मौसम आते ही गली मोहल्लों से गुजरने वाली सड़कों के गड्ढों में जमा गंदे पानी लोगों के लिए समस्याओं का कारण बना हुआ है। राहगीरों को सड़क के गड्ढों में पानी भरे होने से उसकी गहराई का पता नहीं चल पाता और राहगीरों दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते है। वहीं, कीचड़ व गंदे पानी के कारण राहगीरों के कपड़े भी खराब हो रहे हैं, जिसके कारण लोग बहुत ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र स्थित नयापारा सड़क, दल्ली चौक से सदर मार्ग सड़क, जवाहर पारा सड़क, कुंदरू पारा सहित अनेक वार्डों की सड़के गड्डो में तब्दील हो

## जिला मुख्यालय में सड़कों पर गंदे पानी से लोग परेशान





चुकी है लेकिन नगर पालिका द्वारा सड़क मरम्मत के कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि दल्ली चौक से सदर मार्ग सड़क में स्कूल भी है, जहाँ से रोजाना स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है, बावजूद गड्डो को समतल करने के लिए नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यही हालात नयापारा, जवाहर पारा, कुंदरू पारा में देखने को मिल रहा है जहाँ सड़कों में गड्डे नजर आ रहे हैं। जिला मुख्यालय की अधिकांश सड़कों पर डामरीकरण करने की जरूरत है, जिससे राहगीरों को सुगम सड़क की सुविधा मिल सके लेकिन नगर पालिका द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण राहगीरों को रोजाना गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी विषयों पर हुई चर्चा

**बालोद।** जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे ने बैठक में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और 15 सूत्रीय कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी सहित अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम में शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने, आर्थिक कार्यकलापों एवं रोजगार में समुचित हिस्सेदारी, अल्पसंख्यकों के जीवन स्तर की दशा में सुधार करना और साम्प्रदायिक घटनाओं की रोकथाम व नियंत्रण आदि शामिल किया गया है। बैठक में समिति के सदस्यों से उक्त कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में सुझाव भी लिए गए।

### प्रेमप्रकाश आश्रम में 138 यूनिट रक्तदान

**रायपुर।** गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 138वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 53 महिला और 85 पुरुषों ने मिलकर कुल 138 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं को आश्रम की तरफ से पखर, प्रसाद, मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। आश्रम के अध्यक्ष अशोक मंधान व महासचिव विजय मोटवानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी टेऊंराम महाराज का चालीसा जन्मोत्सव 40 दिन तक पूरे देश, विदेश सहित रायपुर में भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें अनेकों सेवाकार्य किए जाते हैं, जिसमें प्रमुख रूप से मासिक अन्नदान, कन्याभोज, ब्राह्मणभोज, रक्तदान सहित अनेकों सेवाकार्य किए गए। इस अवसर पर सर्वानंद मंधान, सुनील थारानी, अशोक मंधान, विजय मोटवानी, गुरमुखदास आहूजा, रवि वाधवानी, इंदर गेहानी, श्याम माधवानी, राजा मंधान, रवि मोटवानी, अनूप, गोलू, दिनेश, संजय, अभिषेक, रितेश, संतोष, प्रदीप आदि शामिल थे।

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में जांजगीर-चांपा के एक व्यक्ति ने अपने ही क्षेत्र के एक व्यक्ति के खिलाफ नौकरी लगाने का झांसा देकर 19 लाख 35 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शिव कुमार साहू ने विजय जांगड़े के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिव ने पुलिस को बताया कि विजय देवेंद्र नगर में भारत कंसल्टेंसी के नाम से ऑफिस खोला था, उसने शिव को उसके परिचित के माध्यम से शिव के बेटे तथा उसके अन्य परिजनों को सरकारी तथा निजी क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया।

## उपलब्धि

### बिहार में आयोजित कार्यक्रम में गूंजा छत्तीसगढ़िया सबले

# राष्ट्रीय कब बुलबुल महोत्सव में सोरली विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय स्तर पर कब बुलबुल महोत्सव में विकासखंड डौण्डी लोहारा के शासकीय प्राथमिक शाला सोरली के प्रतिभागी बुलबुल के मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके साहू ने महोत्सव में बालोद जिले के 6 बुलबुल के साथ प्रभारी फ्लॉक लीडर बसंती पिकेश्वर का स्वागत अभिनंदन किया। उक्त उत्सव में 06 बुलबुल शासकीय प्राथमिक शाला सोरली से नेशनल लेवल कब बुलबुल महोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच दिवसीय कब बुलबुल बरौनी बिहार में शामिल हुए थे। स्वागत की कड़ी में सरपंच दुर्गेश्वरी यदु ग्राम, पटेल परस राम द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्वन साहू ने कहा स्काउट गाइड अंतर्गत विकासखंड शुरू से प्रत्येक गतिविधियों में अग्रणी रहा है कबिंग की गतिविधि में एक जोश आया है जो बच्चों को खेल खेल में शिक्षा देते हुए सर्वांगीण विकास कर रहे हैं कब बुलबुल को भव्य स्वागत के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक सुरेंद्र कुमार रामटेके, रेखा देवांगन, मंजू गंजीर, सोमलता ठाकुर, योगेश्वरी देवांगन, पालकगण चंदा बाई , सुजाता बाई, दिलेश्वरी पटेल, तिलेश्वरी बाई आदि उपस्थित रहे । कब बुलबुल के राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए वरिष्ठ स्काउट भोलाराम साहू, संयुक्त सचिव नोम साहू, स्काउटर वारूणी दिल्लीवार, मिलन सिन्हा, कब मास्टर परमानंद साहू, गजेद्र खरे, दयालु पिंकेश्वर, कैलाशनाथ साहू, विजय पटेल ने बच्चों के बधाई व शुभकामनाऐं दी है।

### बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन एवं जिला आयुक्त पी सी मरकले,जिला सचिव के एल गजेन्द्र, डी ओ सी प्रेमलता चंद्राकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा जी के मार्गदर्शन में राज्य के अगुआई में विकासखंड के कब बुलबुल गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं के छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता है। इन छोटे बच्चों में लड़कों को कब और लड़कियों को बुलबुल का नाम दिया गया है। कब बच्चों की गतिविधियां मोगली की कहानी पर आधारित होती हैं, जिसमें छोटे खेल होते हैं।

कब बुलबुल बच्चों को तारा स्टोरी से पक्षियों के जैसे तोता, मैना, कोयल आदि के खेल, कहानियां, स्वयं करके सीखने की क्रिया पर बल दिया जाता है। इनको प्रथम चरण से चतुर्थ चरण का पाठ्यक्रम खेल खेल में करवाया जाता है। चारों चरण के पाठ्यक्रम के बाद बच्चों को राज्य स्तर पर टेस्ट देना होता है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड की चयन प्रक्रिया होती है।

### विभिन्न गतिविधियों में पाया उत्कृष्ट स्थान

कब बुलबुल नेशनल लेवल कब बुलबुल महोत्सव बरौनी बिहार में 7 से 10 वर्ष तक के कब बुलबुल बच्चों के द्वारा बड़ी सलामी, बुलबुल ट्री,आदर्श वाक्य, ,स्टोरी टेलिंग,नियम प्रतिज्ञा, कब-बुलबुल ग्रेडिंग, फ्लेग होस्टिंग ,घेरा गीत, सिक्स सॉन्ग कल्चरल प्रोग्राम, जंगल नृत्य, फोक डांस पेपर कटिंग, बुलबुल ट्री प्रतियोगिता, स्टोरी टेलिंग, मेला प्रदर्शनीय, फ्लेग सेरेमनी, योग, जुंबा एरोबिक, उत्सव मेला, टनल, तारा स्टोरी, प्रार्थना, टोटम पोल, प्ले एक्टिंग, आदि लाल फूल व कलरव जैसे सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान होना बताया गया। साथ ही नृत्य में प्रथम, क्राफ्ट वर्क में तृतीय, पोशाक में तृतीय स्थान रहा। प्रभारी के रूप में बसंती पिकेश्वर शिक्षिका रही। स्वागत की कड़ी में पुष्पगुच्छ के साथ मुंह मीठा एवं मंगल शुभकामनाएं बधाई दी गई।

## बिलासपुर रेल मंडल महाप्रबंधक से मिले चैंबर के पदाधिकारी



**दल्लीराजहरा।** बिलासपुर रेल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक नीनु इटियेरा एक दिवसीय दल्लीराजहरा प्रवास पर पहुंची। इस दौरान छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स इकाई दल्ली राजहरा के व्यापारियों ने उन्हें सौंपा ज्ञापन। दल्लीराजहरा क्षेत्र के व्यापारियों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर रेलवे से संबंधित समस्याओं का निदान जनहित में किए जाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस पर महाप्रबंधक ने शीघ्र ही उचित समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया ।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स इकाई दल्ली राजहरा के व्यापारियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न मांगों को समय -समय पर रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराते गए हैं। परंतु अब तक कोई संतोषजनक जवाब या कार्यवाही नहीं हो पायी है दल्ली राजहरा में रेलवे वाशिग प्लांट चालू किया जाए, ट्रेन क्रमांक 08816 डेमो ट्रेन में अतिरिक्त बोगी जोड़ा जाए,. ट्रेन क्रमांक 07826 दुर्ग डेमो जो सप्ताह में 3 दिन चलता है ,उसे प्रतिदिन चलाकर इसके फेरे को बिलासपुर तक बढ़ाकर ट्रेन को दल्ली राजहरा से बिलासपुर तक चलाई जाए। इस दौरान शंकर कुकरेजा, अशोक लोहिया,प्रेम जयसवाल , विनोद गुणधर, विजय कुकरेजा, अमित जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ में हुआ युवा जागरण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में एकदिवसीय युवा जागरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम

- 200 से अधिक बालिकाओं ने जीवन को संवारने का लिया संकल्प

में विकासखंड भर की 200 से अधिक बालिकाओं ने भाग लेकर अपने जीवन को संवारने का संकल्प लिया। इस शिविर में प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण दल में मिलन सिन्हा ,तुलसी साहू ,कैलाशनाथ साहू ,पीलू राम साहू, विरेंद्र कुमार बघेल ,दुष्यंत कोलियारे ,सुमन साहू उपस्थित थे। विभिन्न विषयों कैरियर गाइडेंस, मेमोरी पावर बढ़ाने के उपाय, युवा शक्ति का सकारात्मक दिशा में उपयोग, भावी कार्य योजना पर्यावरण संरक्षण संवर्धन एवं बाल संस्कारशाला विषयों पर विशेष चर्चा की गई।

अंत में विकासखंड डौंडीलोहारा गायत्री परिवार के समन्वय भोलाराम साहू ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यौवन एक संक्रमण काल होता है, बनने और बिगड़ने का बहुत



विकट समय होता है। किसी भी तरीके से क्रांति करने के लिए संगठन की आवश्यकता होती है। हर युग में युग के अनुकूल संगठन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है । दुनिया में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्रांति के लिए संगठन महत्वपूर्ण मानी जाती है तथा हम सबको संगठन में रहकर ही अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए।आभार व्यक्त करते हुए गायत्री परिवार के प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा ने आभार जताया। इस तरह के आयोजन में हमेशा तन मन धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजन लाल साहू,अशोक साहू ,अश्वनी साहू, सेवा राम मंडावी, गिरिवर कोलियारे,कुमार सिंह सहारे तथा ब्लॉक के सभी परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

### गांव स्तर पर किया गया मंडल का गठन

इस अवसर पर विभिन्न गांवों से आए हुए युवा भाई बहनों का गांव स्तरीय मंडल गठन किया गया। मंडल को गांव में पौधारोपण, छोटे-छोटे बालकों को खेल खेल के साथ नैतिक शिक्षा देने के लिए बाल संस्कारशाला तथा सफाई अभियान चलाने हेतु प्रेरित एवं संकल्पित किया गया। इसी दौरान गायत्री परिवार महिला मंडल डौंडीलोहारा का पुनर्गठन किया गया। जिसके मंडल प्रभारी कुंती सहारे ,सह प्रभारी कौशिल्या बगमरिया बनाए गए।

## बालिकाओं को बांटी गई कॉपी-पेन

**बालोद।** महिला कमाण्डो ने जनसहयोग से स्कूलों में जाकर बालिकाओं को कापी, पेन देकर उनका हौसला बढ़ाया। जामुडवही विकासखण्ड डौण्डी, परसदा विकासखण्ड बालोद की कमांडो ने पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। अनुसुईया बाई कहती हैं कि हम लोग डौण्डी ब्लाक के ग्राम में रहते हैं, हमें स्कूल में जाकर बच्चों को आगे लाना अच्छा लगा। कचरी बाई ग्राम परसादा निवासी कहती है कि इस प्रकार से हमें आगे बढ़ाने वाले नहीं थे, आज स्कूल में आकर मोला मोर बचपन याद आगे, ऐसे लगीस जैसे कापी, पेन बांट के बहुत पुण्य के काम करे हन। पद्मश्री शमशाद बेगम ने बताया कि दस हजार बालिकाओं को कापी, पेन, कम्पास, स्कूल बैग प्रदान कर प्रोत्साहित करने लक्ष्य है। इस अवसर पर मनहरे राम, विशाल, नरेश, चैन सिंह, देवप्रसाद, अनुसुईया गावड़े, सावित्री बाई, टेमीन बाई, अशवन्तीन बाई का सहयोग रहा।



# राजधानी रायपुर में पाटन का युवा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नेहरु युवा केन्द्र द्वारा 7 जुलाई को रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा के ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ यूथ

- नेहरु युवा केन्द्र द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन

असेंबली फॉर क्लाइमेंट एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह थे। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ वन मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, यूनिसेफ प्रमुख (छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा) विलियम हानलो जूनियर, यूनिसेफ से ही अभिषेक,




श्वेता नेहरु युवा केन्द्र के राज्य निर्देशक श्रीकांत पांडे की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ के युवाओं ने विधानसभा की तर्ज पर एक सत्र आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ के विभिन्न मुद्दे रखे और पक्ष विपक्ष की भूमिका निभाते हुए एक दूसरे को कटाक्ष किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने युवाओं से पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया। इस बीच मिशन लाइफ के अंतर्गत उत्ष्ट कार्य करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह ने दुर्ग पाटन के युवा ढाल सिंह पिता लखन लाल साहू निवासी धमना पाटन को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं ने विधानसभा के अंदर जाकर वहां के बैठक व्यवस्था देखी। जिला युवा अधिकारी शर्मा ने बताया कि ढाल सिंह के नेतृत्व में नव युवा मित्र मंडल को सर्वश्रेष्ठ युवा मंडल सम्मान भी प्राप्त हुआ है विगत कई वर्षों से ढाल सिंह ने राष्ट्र स्तरीय स्वयं सेवक के रूप में पाटन ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में युवा मंडल के माध्यम से जन जागरूकता, स्वच्छता, पोसान, पर्यावरण, योग, नशामुक्ति बिंदुओं पर सेवा दे रहे हैं। इस अवसर पर आदित्य भारद्वाज, प्रेमशंकर, उमेन्द्र, केवल, काजल, मुकेश, सुशील, सत्या, गौरव, निमेष उपस्थित थे।

### भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होने पहुंचे थे चंद्रवाल

# दल्ली राजहरा पहुंचे कलेक्टर, समस्याओं को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा उत्कल समिति के तत्वावधान में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल अपर सचिव चंद्रकांत कौशिक दल्ली राजहरा विशेष तौर पर पहुंचे थे।

रथयात्रा से गंतव्य वापसी जाने के लिए जैन भवन चौक के पास अपनी गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। वहां मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी आर के सोनकर,भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। चर्चा के दौरान राकेश द्विवेदी ने दल्ली राजहरा में स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं के अभाव की जानकारी दी। वहीं, उन्होंने 50 बिस्तर अस्पताल में स्टाफ और सुविधा की कमी के संबंध में बताया।



कलेक्टर चंद्रावल ने कहा कि दल्ली राजहरा में संचालित अस्पताल में स्टाफ की संख्या बढ़ाने की प्रकिया जारी है, जल्द ही वहां जरूरी सामानों की पूर्ति के लिए भी प्रयास किया जाएगा । कलेक्टर ने मुख्य महाप्रबंधक गहरवार ने बी एस पी द्वारा संचालित अस्पताल के संबंध में बताया कि बीएसपी राजहरा अस्पताल को स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे बड़े संस्थानों से संचालन के संबंध में चर्चा चल रही है शीघ्र ही वह प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली जाएगी। वर्तमान में भिलाई से सप्ताह में कुछ दिनों के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर को बुलाया जा रहा है। दल्ली राजहरा में बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### जल्द हटाया जाएगा अतिक्रमण

कुछ लोगों द्वारा जब दल्ली राजहरा की बीएसपी क्षेत्र में अतिक्रमण की बात कहने पर कहा कि मुख्य महाप्रबंधक की ओर से अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाएगा जिससे प्रशासन की ओर से सड़क के आसपास होने वाले अवैध निर्माण को अति शीघ्र ही तोड़कर रोड को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

### केंद्रीय विद्यालय के लिए नए सिरे से होगा सर्वे

केंद्रीय विद्यालय के संबंध में उन्होंने बताया कि नए सिरे से सर्वे करा कर दल्ली राजहरा में ही केंद्रीय विद्यालय बनाने के लिए सरकार से अनुशंसा की जाएगी। बाईपास सड़क के लिए नए सिरे से सर्वे कराया जा चुका है। इसके लिए भी बहुत जल्द ही काम चालू होने की उम्मीद है । बीएसपी कर्मचारियों ने बात रखी की दल्लीराजहरा में सड़क के किनारे विभिन्न प्रकार के भारी वाहन खड़े रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि परिवहन संघ,व्यापारी संघ नगरपालिका और प्रशासन का संयुक्त बैठक, किया गया है एवं व्यापारियों को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। रोड पर खड़ी गाड़ी मालिकों को समझाइश दी जा रही है एवं टायर लॉक करने की भी भी की जा रही है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शेयर के नाम पर शिक्षक से 11 लाख की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट के नाम ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 120बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। ग्राम देउरझाल उतई निवासी ओमन कुमार मारकंडे को शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ मिलने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने 11 लाख 17 हजार 285 रुपए का ठगी किया है। शिकायत में पुलिस को बताया गया है कि मोबाइल पर आरोपी ने वाट्सअप ग्रुप वेल्थ समिट ए-65 के नाम से जोडा गया। जिसके संचालक संजय शर्मा, लीला नंदी,पुजा गुमा ग्रुप एडमीन के द्वारा फेसबुक और वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से लिंक भेजा। इसके बाद पीड़ित को शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर अधिक लाभ होना बताया था। पीड़ित से आरोपियों ने विभिन्न खातों में 10 अप्रैल से 28 मई 2024 के बीच 11 लाख 17 हजार 285 रुपए जमा कराया गया। वाट्सअप ग्रुप वेल्थ समिट ए-65 के संचालको द्वारा ऑनलाईन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साजिश रची और ठगी किया। आरोपियों ने पीड़ित को फर्जी इंस्टीटूशनल शेयर मार्केट ट्रेडिंग कराने और प्रलोभन का झांसा दिया था। पीड़ित ओमन कुमार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर विख. डौण्डी जिला बालोद में शिक्षक है।

### गांजा की तस्करी करने वाला युवक धरा गया

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांजा को बेचने की फिराक में सेक्टर 3 मुर्गा चौक ब्रिज के पास ग्राहक की तलाश में युवक खडा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम सेक्टर 6 रशियन ब्लाक निवासी जे कुमार बताया है। युवक के पास से पुलिस ने एक सफेद रंग की सीमेंट बोरी में 5.140 किलो गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। इस कार्रवाई में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, भठ्ठी टीआई प्रशांत मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### चावल की तस्करी, ऑटो से 10 क्विंटल जब्त

**भिलाई।** अवैध रुप से पीडीएस चावल की तस्करी करते एक आटो को पकड़ा गया है। जिसे वैशाली नगर पुलिस थाने में खडा कर दिया दिया गया है। मौके पर खाद्य विभाग की टीम भी पहुची और जांच में जुट गई है। सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता वैशाली नगर थाने पहुंचकर चावल को चेक किया। अधिकारी ने चॉवल से भरे ऑटो को थाने में ही खड़े रखने की बात कही। मिली जानकारी के मुताबिक आटो सीजी 07 बीसी 4940 में 10 क्विंटल चावल लोड है। जो सफेद बोरियों में भरा हुआ है। जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह सरकारी चावल है या बाहर से खरीदा गया। सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता के मुताबिक नान इंस्पेक्टर को जानकारी दी गई है। उनके आने के बाद चावल का सैंपल लिया जाएगा। इसके बाद इसे लैब में टेस्ट करेंगे कि वो पीडीएस का चावल है या नहीं। नान की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कार्रवाई होगी। अवैध रुप से चावल की तस्करी मामले रुकने के नाम नहीं ले रहा है। खाद्य विभाग भी सिर्फ खानापूर्ति के लिए ही कार्रवाई करती है। सुपेला के चॉवल तस्कर पर पूरी तरह विभाग द्वारा मेहरबानी किया जा रहा है। अब तक मामूली कार्रवाई कर इसे छोडा जाता रहा है। यह चावल तस्कर अपने दुकान से ही अवैध रुप से चावल का कारोबार करता आया है।

### अवैध रूप से संचालित मांस दुकान पर कार्रवाई

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई जोन क्रमांक 4 की टीम ने रविवार को शिवाजी नगर वार्ड क्रमांक 44 औद्योगिक रोड के समीप अवैध रूप से संचालित मांस, मटन का बिक्री की दुकान पर कार्रवाई की। नगर निगम की टीम वहां पहुंची उस नोटिस दिए, और अवैध रूप से संचालित हो रहे मटन, मांस दुकान को बंद करवाया। नगर पाली निगम अधिनियम के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी खुले में मांस, मटन बिक्री नहीं कर सकता है। अगर कोई बिक्री करते हुए पाया जाएगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बुधवारी बाजार के व्यवस्थापन की पहल, अधिकारियों व नेताओं ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बुधवारी बाजार के व्यवस्थापन को तहसीलदार, यातायात विभाग के प्रमुख राकेश ठाकुर एवं बालोद थाना के टीआई रविप्रकाश पांडे ने बुधवारी बाजार में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ स्थल का निरीक्षण किया। बाजार में जाने वाले वाहन चालकों को रोकने के लिए पार्किंग स्थल एवं पुलिस जवानों की तैनाती, व्यापारियों द्वारा दुकान के सामने सामान रखने, पसरा एवं ठेला लगाने वालों को व्यवस्थित करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल एवं व्यापारियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान तय किया गया कि एक बैठक रखी जाएगी, जिसमें सबके सुझाव लिए जाएंगे, सुझाव के अनुरूप एवं सबके हितों व बढ़ते बालोद को ध्यान रखते हुए जो आवश्यक होगा वह कार्य किया जाएगा। इस विषय में पार्षद कमलेश सोनी ने कहा कि यह समस्या अनवरत कई वर्षों से चले आ रही है, पहले बालोद छोटा था, अब बालोद दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, आबादी बढ़ गई है और बाजार लगाने की जगह उतनी ही है, इसलिए लगातार समस्या हो रही है, अगर कोई अप्रिय घटना इस क्षेत्र में घट जाए जैसे आग लगे तो फायर ब्रिगेड का आना मुश्किल है और किसी आपातकाल स्थिति में एंबुलेंस का भी आना इस क्षेत्र में नामुमकिन है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है, इस पर प्रशासन का हम पूरा सहयोग करेंगे।

## एक बैठक का आयोजन कर सभी संबंधितों की राय लिए जाने का लिया गया निर्णय



### व्यवस्था सुधारने के लिए सबका सहयोग आवश्यक

शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर एवं जिला मंत्री अमित चोपड़ा ने कहा कि व्यवस्था को सुधारने के लिए धीरे-धीरे प्रयास किया जाना चाहिए, एक दिन में बिगड़ी व्यवस्था नहीं सुधर सकती, चाहे वह व्यापारी हो, चाहे सब्जी लगाने वाले विक्रेता हो, चाहे आम जनता हो, सबको इसमें सहयोग करना होगा और यह प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए तभी हमारा बालोद सुंदर और स्वच्छ बन पाएगा। स्थल निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, विनोद जैन, दीपक देवांगन, शेखर यादव, महेश पाठक, धन्नू जैन, हरीश दुबे, अजय झत्री, पंकज वाधवानी, धीरज परचानी सहित प्रशासनिक अधिकारी व व्यापारी उपस्थित थे।

## खेती-किसानी : अभी तक खेतों में नजर नहीं आ रहा पानी का भराव

# जिले में पर्याप्त बारिश नहीं, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि खेतों में धान की फसल लहलहाने लगी है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी का भराव नजर नहीं आ रहा है। इससे पौधों का विकास प्रभावित हो सकता है।

जिले में खण्डवर्षा की स्थिति देखने को मिल रही है, जिसके कारण किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि शुरुआती दिनों में जो बारिश हुई वह खेती किसानी के लिए कारगर साबित हुई और अधिकांश किसानों ने धान की बोवाई कर दी। वहीं, कुछ किसान रोपा लगवाने के लिए नर्सरी तैयार किया है, जो अब रोपा लगवाना चाहते है, लेकिन पानी की कमी के कारण किसान रोपा लगवाने के लिए चिंतित है, किसान बेहतर बारिश की उम्मीद कर रहें है। जिसके कारण खेती किसानी का कार्य पिछड़ा नजर आने लगा है।

जिले के बड़भूम, पेटेचुआ, नारागांव, फागुनदाह, कंवर, पलारी क्षेत्र मे अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अच्छी बारिश नहीं होने के कारण अब किसानों के खेतों में दरारें पड़ रही हैं और किसान बारिश की बाट जोह रहे हैं, ताकि बारिश हो और उनकी फसलों को बचाया जा सके। वहीं, जिले के फागुनदाह, कंवर, पलारी क्षेत्र में 15 से ज्यादा बोर बंद होने की जानकारी भी किसानों द्वारा दी गई। नारागाँव निवासी किसान राजेश साहू ने बताया कि 80 डिसमिल में रोपा लगवाने के लिए दो दिनों से 2 बोरवेल के माध्यम से पानी खेत में भर रहा हूँ, लेकिन खेत में मताई के लिए पानी नहीं है। इसलिए तीसरे बोर के माध्यम से और पानी लेकर मताई करवानी पड़ रही है, तब जाकर रोपा लगाने का शुरू होगा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पानी की कमी और वाटर लेवल कितना नीचे जा चुका है।

किसान कार्तिक साहू ने बताया कि खेतों में पानी नहीं होने के कारण खरपतवार खेतों में नजर आने लगे है, जिसके कारण खेतों में निंदाई का खर्च ज्यादा आएगा, वहीं खेतों में पानी नहीं होने के कारण खाद व दवाई का छिड़काव करना मुश्किल हो रहा है।

### पानी की कमी से बाधित हो सकता है पौधों का विकास



### कहां कितनी बारिश

जिले में अब तक हुई बारिश की बात करे तो बालोद ब्लाक में अब तक 293.7 मिली मीटर, गुरूर मे 229.3 मिली मीटर, गुण्डरदेही मे 236.5 मिली मीटर, डौण्डी मे 220.9 मिली मीटर, डौण्डीलोहारा मे 315.3 मिलीमीटर, अर्जुन्दा 235.3 मिली मीटर, मारींबंगला देवरी में 299.6 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की गई है। वहीं अब तक तालाब, डेम, नदी नाले सब सूखे नजर आ रहे हैं।

## बरबसपुर स्कूल में मना प्रवेश उत्सव



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला बरबसपुर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राथमिक में कक्षा पहली एवं पूर्व माध्यमिक में कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों का शाला विकास समिति व संस्था के शिक्षकों द्वारा गुलाल लगाकर व बच्चों का मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप मंडावी एवं खिलानंद ठाकुर ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण करते हुए बच्चों को विद्यालय में अनुशासन का पालन करते हुए सिर्फ पढ़ाई लिखाई में ध्यान देने की बात कही। प्रवेश उत्सव पश्चात यहां उपस्थित जनप्रतिनिधि व शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया साथ ही स्कूल के मध्यान्ह भोजन के संचालन कर्ताओं द्वारा बच्चों को न्योता भोजन कराया जिसमें खीरपुरी का वितरण किया गया।

## हाई स्कूल सुरपा में सायकल स्टैंड के लिए हुआ भूमिपूजन



**जामगांव आर।** पोसुदास महंत शासकीय हाई स्कूल सुरपा में सांसद विजय बघेल के सांसद निधि से 3 लाख रूपये लागत से सायकल स्टेंड निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। भूमिपूजन अवसर पर ग्राम पंचायत सुरपा प्रतिनिधि सरोज साहू, शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जैन, सांसद प्रतिनिधि देवानन्द देवांगन, स्कूल के प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र वर्मा, चंद्रहास मौर्या, किशोर यादव, विष्णु साहू, दुर्गेश रजक, लक्ष्मण ढीमर सहित नागरिक उपस्थित थे।

## जिला एथलेटिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए सौरभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर/दल्लीराजहरा

जिला एथलेटिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन बालोद का साधारण सभा की बैठक स्थानीय गेस्ट हाउस में किया गया, जहां जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन का कार्यकाल 3 वर्ष पूर्ण हो जाने के कारण चुनाव कराया गया।

इस चुनाव प्रक्रिया के लिए छ.ग. एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव अमरनाथ सिंह द्वारा संयुक्त सचिव छ.ग एथलेटिक संघ के रविराजा को आब्जर्वर नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया के लिए सुदर्शन सिंह ने चुनाव आब्जर्वर रविराजा को चुनाव कराने के लिए आमंत्रित किया। रविराजा ने चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की। अध्यक्ष पद पर सौरभ लुनिया को सर्वसम्मति से चुने गए।

उपाध्यक्ष सपन जेना, उपाध्यक्ष पद के लिए रंजना साहू, सचिव बाल मुकुंद सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज दुबे (पिंटू), संयुक्त सचिव पायल दिल्लीवार एवं कार्यकारणी सदस्य मे सुदर्शन कुमार सिंह का नाम मनोनीत किया गया है, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष सौरभ लुनिया ने कहा कि वह अपने दायित्व का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाहन करेंगे तथा दल्ली राजहरा लौह नगरी के साथ-साथ खेल नगरी भी है, दल्ली राजहरा से कई खिलाड़ियों ने देश और राज्य का नाम भी ऊंचा किए हैं, यहां बेहतरीन खेल मैदान है, इन खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधा खेल सामग्री मुहैया कराने के लिए मैं शासन को मांग रखूंगा तथा मुझे पूरी उम्मीद है कि प्रशासन मेरी बात पर दल्ली राजहरा में सुविधा बढ़ाने में अपनी सहमति देंगे।

- एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक में हुआ चुनाव

खिलाड़ियों के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए सुदर्शन कुमार सिंह को डिस्ट्रीक एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएसन बालोद के ट्रेक्नीकल चेयरमैन एवं बालोद जिले के खिलाड़ियो को ट्रेनिंग कोचिंग देने के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इस दौरान जिला शतरंज संघ अध्यक्ष शेखर गुप्ता एवं एथेलेटिक्स तारा सिंह भी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ मंडल प्रबंधक से मिले विभिन्न संघों के प्रतिनिधि, बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद









छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, व्यापारी संघ एवं ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ ने रेलवे रेक पाइंट के संबंध में समस्याओं का समाधान करने व अन्य नई मांग को लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है।

द.पू. म. रेल मंडल रायपुर क वरिष्ठ रेल मंडल प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी (संचालन/वाणिज्य) से विभिन्न मांग को पूरा करने के लिए ज्ञापन पत्र देकर अतिशीघ्र निराकरण की मांग की। प्रबंधक ने आश्वासन दिया है कि सड़क निर्माण का कार्य चालू है एवं जब तक पूरा नहीं होता है, तब तक गड्ढों को भरने के लिए कहां व पहुँच मार्ग को मरम्मत कर आवागमन के लिये बनाया जाएगा।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में दल्लीराजहरा से दुर्ग के मध्य चलने वाली पैसेजर क्रमांक 07826 को सप्ताह में सातों दिन चलाकर उसको बिलासपुर तक बढ़ाया जाय व उसको वापिस अंतागढ़ तक किया जाए। वहीं, प्रातः 6:15 बजे चलकर रायपुर तक जाने वाली पैसेंजर क्रमांक 08816 में बोगियों की संख्या बढ़ाई जाए।

इसी तरह रेक प्वाईंट के दोनों और सड़क चौड़ीकरण कर पक्का करने तथा टीन शेड निर्माण करने की मांग की गई है।

इसी तरह मेन सड़क मार्ग से रेक पाईंट मार्गों में पक्की सड़क मिर्नाण, रेक पाईट में शेडनिर्माण, प्रकाश की व्यवस्था की जाए, साफ सफाई तथा रेक पाईंट में मजदूरों के वाहन पार्किंग व्यवस्था करने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई बालोद के अध्यक्ष व व्यापारी सलाहकार समिति के सदस्य राजू पटेल ने सप्ताह में तीन चलने वाली डेमू ट्रेन को प्रतिदिन व उसे बिलासपुर तक फेरा बढ़ाने, बालोद रेलवे स्टेशन में एक अतिरिक्त प्लेटफार्म तथा पारास रेलवे फाटक पर अतिशीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण करने की मांग की है। बालोद ट्रक मालिक परिवहन संघ के अध्यक्ष व व्यापारी प्रतिनिधि रेलवे सलाहकार समिति बालोद सदस्य मनोज चांडक व रेक ठेकेदार ओमप्रकाश शर्मा ने भी समस्या बताते हुए समाधान की मांग की।



## कुथरेल में मना संकुलस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**अंडा।** संकुल केंद्र कुथरेल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। साथ ही नेवता भोजन में खीर पूड़ी, छोले ,कढ़ी पापड़, अचार दिया गया। न्योता भोजन रोहित कुमार चंद्राकर प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुथरेल के सौजन्य से हुआ ।संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि श्रीमती राजश्री प्रेरणा चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल, लोमश चंद्राकर उप सरपंच कुथरेल, प्रदीप चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य कुथरेल एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिती के साथ



विभागीय अतिथि में सुरेंद्र पांडे डी एम सी दुर्ग , गोविंद साव बी ई ओ दुर्ग सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।श्रीमती इंदु मलिक प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल कुथरेल के द्वारा संकुल के सभी नव प्रवेशी बच्चों को कापी एवं विवेकानंद दिल्लीवार संकुल समन्वयक द्वारा पेन वितरण किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुथरेल के प्रांगण में मां के नाम पर एक पौधा ,योजना के अंतर्गत 10 पौधे रोपे गए पौधे उपलब्ध कराने में शाला की शिक्षिका हेमलता साहू , रचना नलोडे एवं चंद्र प्रकाश रात्रे की अहम भूमिका रही संकुल स्तरीय शाला प्रवेशउत्सव में संकुल के प्रधान पाठक राधेलाल चंद्राकर प्रधान पाठक अछोटी ,राकेश बैस प्रधान पाठक कन्या कुथरेल,जनक यादव प्रधान पाठक बालक कुथरेल ,प्रेमलाल साहू प्रधान पाठक अछोटी भाठा ललिता देशमुख प्रधान पाठक भरदा, विद्या निषाद प्रधान पाठक अछोटी ,एवं गौर सिंह नेताम प्रधान पाठक कन्या कुथरेल के साथ संकुल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव से की मुलाकात, भेंट की पुरानी तस्वीर

# भोपाल में जुटे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पूर्व कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिले के पूर्व कार्यकर्ताओं के साथ विकासखण्ड के पूर्व कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे। भोपाल में यशवंत जैन, राकेश यादव, चेमन देशमुख, नंदकुमार ओझा के साथ सभी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से सौजन्य भेंट की और उन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के समय आयोजित कार्यक्रम के दौरान की फोटो भेंट की।

जिले के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिले के पूर्व कार्यकर्ता यशवंत जैन, राकेश यादव, चेमन देशमुख द्वारा सौंपी गई फोटो को अविस्मरणीय संग्रह बताते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सोशल मीडिया में पोस्ट की। इसकी चर्चा जोरों पर है। दरअसल सीएम मोहन ने अपने पोस्ट मे बालोद के बीजेपी नेता राकेश यादव व अन्य नेताओं द्वारा भेंट किए गए तस्वीर को प्रसन्न होकर सोशल मीडिया में तुरंत साझा की है, जो पूरे देश मे चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, जिले के नेता राकेश यादव से पुराने समय की छात्र संघ की राजनीति के बारे में चर्चा करते हुए भविष्य के लिए राजनीतिक क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलकामना प्रदान की। उस समय की तस्वीर देखकर सीएम मोहन यादव बेहद खुश नजर आए।



**1990 मे बिलासपुर मे हुआ था प्रांतीय अधिवेशन :** राकेश यादव ने बताया कि तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन में एक ऐसा समय था जब संघ और विद्यार्थी परिषद् में गिनती के कुछ लोग ही होते थे, वह संघर्ष का समय था, उस समय हमारे प्रांत को मेजबानी करने का अवसर भी मिला। 34 वर्ष पूर्व बिलासपुर मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रांतीय अधिवेशन में मोहन यादव भी पहुंचे थे, यह तस्वीर उसी अधिवेशन की है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के संघर्ष के दिनों में बाल्यकाल के बहुत सारे लोगों को स्वर्गीय शालिग राम तोमर की प्रेरणा ने वह दिशा दी कि हमारे बीच से आज एक ऐसे मुख्यमंत्री निकले जो पूरे देश को अपने प्रतिभा का परिचय करा रहे हैं।

### मोहन यादव से काफी कुछ सीखने को मिला : राकेश

बालोद जिले के तत्कालीन विधानसभा प्रत्याशी और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि गर्व है कि उन्होंने सीएम मोहन यादव के साथ काम किया। साथ में उनसे सीखने का मौका मिला। राज्य अलग हुए सब एक दूसरे से दूर हो गए, लेकिन आज वो समय लौट के आया और उस समय के सभी पुराने कार्यकर्ता से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। मेरे लिए यह पल बहुत ही अविस्मरणीय है कि आज उस समय का एक मित्र मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री है और दूसरा छत्तीसगढ़ का उप मुख्यमंत्री है। उस समय की यह तस्वीर मुख्यमंत्री को भेट करते हुए मुझे भी बहुत ही खुशी हुई।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है